**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>**

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-2/2021 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. दिनांक: 05.04.2021

# <u>ज्ञापन</u>

**विषय: संस्थान में अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन <u>देने पर प्रोत्साहन योजना के तहत नकद पुरस्कार संबंधी।</u>**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दिनांक 03.04.2020 के कार्यालय ज्ञापन सं.4-2/2019 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. के द्वारा वित्त वर्ष 2020-21 हेतु अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों द्वारा अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना परिचालित की गई थी। इस योजना के तहत केवल वही संकाय सदस्यगण/अधिकारीगण पुरस्कार के लिए पात्र होंगे जिन्होंने वर्ष में कम से कम 10 हजार शब्दों की डिक्टेशन दी है।

अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने वाले संस्थान के अधिकारी/ संकाय-सदस्यगण उक्त नकद पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के तहत भाग लेने हेतु दिनांक 01.04.2020 से 31.03.2021 तक की अवधि के दौरान हिंदी में दी गई डिक्टेशन के कुल शब्दों की संख्या को **निर्धारित प्रोफार्मा** में भरकर तथा प्रमाण के तौर पर हिंदी में डिक्टेशन दिए गए **<u>केवल 5 प्रपत्रों की फोटो प्रतियां</u>** मूल्यांकन हेतु सीधे ही हिंदी अनुभाग में **<u>इस ज्ञापन के जारी होने के 15 दिन के अंदर अपने संबद्ध प्राधिकारी के माध्यम से अवश्य भेज दें</u>** ताकि प्रतियोगिता के पुरस्कारों का निर्धारण किया जा सके।

इस योजना के तहत नकद पुरस्कारों का विवरण निम्नानुसार है:-

**(क) हिंदी भाषी अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों हेतु**

| **पुरस्कार** | **राशि** | **पुरस्कारों की संख्या** |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹ 25,000/- | एक पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹20,000/- | एक पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | ₹15,000/- | एक पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹10,000/- | पांच पुरस्कार |

जारी..2/-

**(ख) अन्य भाषा-भाषी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों हेतु (जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है)**

| **पुरस्कार** | **राशि** | **पुरस्कारों की संख्या** |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹25,000/- | एक पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹20,000/- | एक पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | ₹15,000/- | एक पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹10,000/- | पांच पुरस्कार |

इसके अतिरिक्त अन्य भाषा-भाषी वर्ग में यदि कोई प्रोत्साहन पुरस्कार शेष बचता है तो उसे हिंदी भाषी वर्ग के पुरस्कारों में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

अत: सभी केन्द्रों के प्रमुख तथा विभागों /अनुभागों के अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्रों में कार्यरत सभी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों की जानकारी में लाने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक संकाय-सदस्यगण/अधिकारीगण उक्त हिंदी डिक्टेशन प्रोत्साहन योजना में सम्मिलित हो सकें।

05.04.2021

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**<u>वितरण:-</u>**

1 सभी केन्द्र-प्रमुखगण।
2 सभी विभाग/अनुभाग अध्यक्षगण।
3 मुख्य प्रशासन अधिकारी।
4 वित्त सलाहकार।
5 अधीक्षण अभियंता।
6 कुल-सचिव।

कृपया इस पुरस्कार योजना की सूचना अधीनस्थ अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों की जानकारी में ला दें।

**<u>प्रतिलिपि:-</u>**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (प्रशासन) महोदय के निजी सचिव।
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- सभी नोडल राजभाषा अधिकारी।
- उप-निदेशक, कंप्यूटर सुविधा: इस अनुरोध सहित कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
-5 APR 2021
समय / Time
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने संबंधी रिकॉर्ड रखने हेतु प्रोफार्मा।**

**अधिकारी/संकाय का नाम एवं पदनाम: ..........................................................**

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | हिंदी में डिक्टेशन के पृष्ठ/शब्द | फाइल संख्या | टिप्पणी |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

संबंधित अधिकारी/संकाय
के मोहर सहित हस्ताक्षर ..............................

सत्यापन एवं अग्रेषित करने वाले संबद्ध प्राधिकारी
के मोहर सहित हस्ताक्षर ................................

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी,
हिंदी अनुभाग, अ.भा.आ.सं.